बिहार सरकार
आपदा प्रबन्धन विभाग

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक–11.09.2017

इस वर्ष नेपाल एवं बिहार के कई जिलों में हुई अप्रत्याशित वर्षा के कारण राज्य के **19** जिलों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हुई जहाँ **187** प्रखण्डों के **2371** पंचायतों के अन्तर्गत **171.64** लाख लोग प्रभावित हुए हैं।

2. यथासंभव एवं तत्परतापूर्वक NDRF, SDRF एवं सेना के सहयोग से बाढ़ ग्रसित क्षेत्रों से लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल कर बाढ़ राहत शिविरों में रखा गया। इसमें NDRF की **28** टीम, SDRF की **16** टीम तथा सेना के **7** कॉलम सहित कुल **2228** जवान तथा **280** मोटर बोट को प्रतिनियुक्त किया गया था इसके अतिरिक्त **2700** से अधिक सरकारी/निजी नावों को राहत एवं बचाव कार्य में लगाया गया था।

3. विभिन्न बाढ़ प्रभावित जिलों में **1358** राहत शिविरों में कुल **4,22,668** व्यक्तियों को रखा गया, जहाँ उनके लिए भोजन, शुद्ध पेयजल, शौचालय, साफ सफाई एवं चिकित्सा सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ की गई।

4. बाढ़ से प्रभावित ऐसे लोग, जो राहत शिविरों में आने के लिए इच्छुक नहीं हुए, उनके लिए सामुदायिक रसोई के माध्यम से भोजन की व्यवस्था की गई। विभिन्न बाढ़ प्रभावित जिलों में **2,569** सामुदायिक रसोई के माध्यम से कुल **4,92,174** बाढ़ प्रभावित व्यक्तियों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई।

5. इसके अतिरिक्त सभी बाढ़ प्रभावित परिवारों के बीच ड्राई राशन पैकेट एवं फुड पैकेट का भी वितरण किया गया। दिनांक 09.09.2017 तक **14 लाख 61 हजार** से ज्यादा ड्राई राशन पैकेट एवं **32 लाख 6 हजार** फुड पैकेट का वितरण किया जा चुका है।

6. बाढ़ प्रभावित परिवारों को RTGS के माध्यम से मुफ्त सहाय (GR-Gratuitous Relief) का भी तेजी से वितरण किया जा रहा है। अबतक कुल **12,81,995 (बारह लाख एकासी हजार नौ सौ पन्चानवें)** लाभुकों के बीच **769.20 करोड़** रूपया का वितरण किया जा चुका है।

7. राज्य सरकार द्वारा BCF के माध्यम से **2,451 करोड़** रूपया दिया गया है तथा बजट प्रावधानित लगभग **150 करोड़** रूपया सहित कुल **2,601 करोड़** रूपया विभिन्न जिलों को दिया जा चुका है।

8. बाढ़ के कारण हुई क्षति के पुनर्स्थापन/पुनर्निमाण एवं राहत कार्यों में हुए/होने वाले व्यय का आकलन कर राशि की प्रतिपूर्ति हेतु केन्द्रीय सहायता प्राप्त करने के उद्देश्य से राज्य सरकार के द्वारा एक ज्ञापन (Memorandum) तैयार कर केन्द्र सरकार को भेजा जा रहा है, जिसके तहत भारत सरकार से **7,63,651.09 लाख रूपये (सात हजार छः सौ छत्तीस करोड़ एक्यावन लाख नौ हजार रूपये)** की मांग की जा रही है। विभागवार/मदवार व्यय अनुमानित व्यय का ब्योरा निम्नवत् है:–

Flood – 2017 : Summary of Assistance Sought

Sl. No.	Items of Assistance	Total Requirement (Rs. in lakh)
1	Ex-Gratia to the families of deceased persons	2056.00
2	Evacuation of persons affected	3439.01
3	Operation of Relief Centres for affected persons	4905.70
4	Community Kitchen	4057.37
5	Air Dropping of Food Packets	2580.00
6	Movement of Army / NDRF / Relief Materials by Air Force Planes	1500.00
7	Distribution of Gratuitous Relief	229096.50
8	Distribution of grant for clothing and Utensils	10962.96
9	Distribution of House Damage Relief	28818.00
10	Distribution of Agriculture Input Subsidy	109134.57
11	Distribution of Cattle Damage Relief	47.53
12	Operation of Cattle Camps	23201.00
13	Distribution of Boat/Fishing Net Damage Relief	1616.29
14	Repair/ Restoration of SH/MDRs	38926.90
15	Repair/ Restoration of Village Roads	182758.21
16	Repair/ Restoration of bunds and Embankments	111796.00
17	Repair/ Restoration of electric poles and installations	1647.00
18	Repair/ Restoration of School Buildings	3046.00
19	Repairs/ Restoration of Health facilities	224.00
20	Environment & Forest Department	434.96
21	Repairs/Restoration of Road / Boundary wall / Pond Ghats / Bridges / Culverts of Local Area Engineering Organization	3403.09
	Grand Total	**763651.09**